Sl. No.	Name of the Project	Capacity (MW)
B. *Under Techno-economic appraisal in Central Electricity Authority*		
1	UBDC (Hydel)	2x15
2	Doraha TPS	2x210
3	Dhuri TPS	2x500

उत्तर प्रदेश और बिहार में प्लास्टिक उद्योग

119. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :** क्या उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने उत्तर प्रदेश और बिहार में प्लास्टिक उद्योग के संवर्धन के लिए कोई कदम उठाए हैं ;

(ख) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है ;

(ग) यदि नहीं, तो उसके कारण क्या हैं ; और

(घ) इस संबंध में सरकार की भावी योजनाएं क्या हैं ?

उद्योग मंत्री (श्री जे० वेंगल राव) : (क) से (घ) देश में प्लास्टिक उद्योग को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों में प्रोसेसिंग एककों को कच्चे माल की उपलब्धता को सरल बनाने के उपाय, प्लास्टिक उद्योगों को प्रशिक्षण तथा अन्य सेवाओं के लिये सुविधाओं की स्थापना करना, जानकारी का प्रसार करना आदि शामिल है ।

सेन्ट्रल इंस्टिट्यूट आफ प्लास्टिक इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलाजी, मद्रास, प्लास्टिक उद्योग प्रशिक्षण सुविधाओं और अन्य सेवाओं की आवश्यकता पूरी करने के लिए उत्तर प्रदेश में लखनऊ में एक विस्तार केन्द्र स्थापित कर रहा है ।

भावी योजनाओं में प्लास्टिक की विभिन्न कच्ची सामग्रियों के निर्माण के लिए देश में अतिरिक्त क्षमताओं की स्थापना करना, कृषि में प्लास्टिक के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न स्थानों पर 22 प्लास्टिक कल्चर विकास केन्द्रों की स्थापना करना आदि शामिल है । इस कार्यक्रम में बिहार में भी उद्योग का विकास करना शामिल है ।

New Car by Maruti Udyog Ltd.

120. SHRI KALPNATH RAI: Will the Minister of INDUSTRY be pleased to state:

(a) whether Maruti Udyog Ltd. is planning to produce cars with bigger seating capacity than at present;

(b) if so, what are the details of the plans and the additional funds earmarked for the same; and

(c) what is the capacity of the new car and by when it will come into the market?

THE MINISTER OF INDUSTRY (SHRI J. VENGAL RAO): (a) Yes, Sir. Maruti Udyog Limited have submitted a proposal which is under consideration of the Government.

(b) and (c) The proposal is to manufacture 30,000 cars per annum of 1000 cc engine capacity. It involves an investment of Rs. 93.65 crores which will be met by additional equity from Suzuki Motor Company of Japan and from internally generated resources of the Company. No additional financial support from Government is envisaged in the proposal. The production is expected to commence in about two years from the date of approval of the Project.

जालान ग्रुप को बम्बई में गैस वितरण के कार्य को सौंपा जाना

121. **श्री सुब्रहमण्यम स्वामी :**
श्री रशीद मसूद :

क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि बम्बई शहर में प्राकृतिक गैस के वितरण का कार्य